# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

## कार्य परिषद् की बैठक

दिनांक - 12.11.2021
समय मध्याह्ण - 12:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

**1- प्रो॰ हरेराम त्रिपाठी, कुलपति- अध्यक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2- | प्रो॰ रमेश प्रसाद | 3- | प्रो॰ महेन्द्र पाण्डेय |
| 4- | प्रो॰ राजनाथ | 5- | प्रो॰ हरिप्रसाद अधिकारी |
| 6- | डा॰ दिनेश कुमार गर्ग | 7- | डा॰ विजय कुमार शर्मा |
| 8- | प्रो॰ योगेश चन्द्र दूबे | 9- | प्रो॰ सीमा सिंह (Online) |
| 10- | डा॰ अरूण कुमार राय | 11- | डा॰ विजेन्द्र कुमार आर्य |
| 12- | वित्त अधिकारी | 13- | कुलसचिव - सचिव |

**मंगलाचरण- डॉ॰ विजय कुमार शर्मा**

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने परिषद् के माननीय सदस्यों का अभिनन्दन करते हुए कार्यपरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या-1-** कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 28.07.2021 की कार्यवाही की पुष्टि।

**विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने विगत बैठक दिनांक 28.07.2021 के कार्यवाही की पुष्टि की।**

**कार्यक्रम संख्या-2-** कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 28.07.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की सूचना।

कार्यपरिषद् के समक्ष परिषद् की विगत बैठक दिनांक 28.07.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रम में क्रियांवयन रिर्पोट प्रस्तुत की गयी। क्रियांवयन रिर्पोट पर विचार के क्रम में परिषद् ने विगत बैठक में अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार के बिन्दु -3 पुस्तकालय संवर्ग (सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/उप पुस्तकालयाध्यक्ष/ पुस्तकालयाध्यक्ष) को मा॰ उच्च न्यायालय, इलाहाबाद में योजित याचिका संख्या-55164/2017 में पारित निर्णय दिनांक 21.11.2017 एवं तत्सम्बन्ध में प्राप्त विधिक राय के क्रम में संत्रात लाभ अनुमन्य करने के संदर्भ में लिये

गये निर्णय पर पुनः विचार करते हुए निर्णय पर पुनः विचार करते हुए निर्णय लिया कि पुस्तकालय संवर्ग (सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/उप पुस्तकालयाध्यक्ष/ पुस्तकालयाध्यक्ष) को शिक्षकों की भाँति 62 वर्ष की अधिवर्षिता वय पूर्ण होने के पश्चात् सत्रांत लाभ प्रदान करने हेतु कोई शासनादेश नही है। अतः पुस्तकालय संवर्ग (सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष/उप पुस्तकालयाध्यक्ष/ पुस्तकालयाध्यक्ष) के कर्मियों को शिक्षकों की भाँति संत्रात लाभ न अनुमन्य किया जाय। साथ ही कार्यपरिषद् ने यह भी निर्णय लिया कि श्री जितेन्द्र कुमार तिवारी सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष दिनांक 18.07.2021 अपनी 62 वर्ष की अधिवर्षितावय पूर्ण करने के पश्चात् कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 28.07.2021 में हुए निर्णय के क्रम में सत्रांत लाभ के अंतर्गत अभी तक कार्यरत है। अतः श्री जितेन्द्र कुमार तिवारी से दिनांक 12.11.2021 के बाद से कार्य लेना बंद किया जाये तथा उक्त अवधि में किये गये कार्य का वेतन सहित अन्य भत्ते का भुगतान किया जाय।

क्रियांवयन रिर्पोट पर विचार के क्रम में कार्यपरिषद् ने यह भी निर्देश दिया कि-

1- शिक्षण एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के वार्षिक निष्पत्ति प्रतिवेदन, वार्षिक वेतन वृद्धि प्रदत्त करने से पूर्व प्रतिवर्ष 30 जून से 15 जुलाई के मध्य अवश्य प्राप्त कर ली जाय।
2- आवास आवंटन समीक्षा समिति की संस्तुति के क्रम में आवास आवंटन नियमावली के अंतर्गत कार्यवाही सुनिश्चित की जाय।

तत्पश्चात् परिषद् अन्य क्रियांवयन रिर्पोट से अवगत होते हुए कृत कार्यवाही पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या -3-** माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद (प्रयागराज) द्वारा यचिका संख्या 24208/2019 कमेटी ऑफ मैनेजमेण्ट श्री त्रिवेणी संस्कृत महाविद्यालय बनाम स्टेट ऑफ यू॰पी॰ व अन्य में पारित अवमानना आदेश दिनांक 08.09.2021 के अनुपालन के संबंध में।

कार्यपरिषद् को अवगत कराया कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद(प्रयागराज) द्वारा अवमानना याचिका संख्या-3744/2019, कमेटी ऑफ मैनेजमेण्ट श्री त्रिवेणी संस्कृत महाविद्यालय, प्रयागराज में पारित आदेश दिनांक 08.09.2021 के अनुपालन में अधोलिखित कार्यवाही की गयी है-

## सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद( प्रयागराज ) द्वारा आख्यापित याचिका संख्या-3744/2019, [illegible] मैनेजमेन्ट श्री त्रिवेणी संस्कृत महाविद्यालय, प्रयागराज में पारित आदेश दिनांक 08-09-2021 के अनुपालन के सम्बन्ध में।

| क्र.सं. | महाविद्यालय का नाम | कृत कार्यवाही |
|---|---|---|
| 1. | त्रिवेणी संस्कृत महाविद्यालय, प्रयागराज। (याचिका सं.2408/2018) | निस्तारित (मान्यता अनुमोदन निर्गत)। |
| 2. | [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], बलिया (याचिका सं.12644/2018) | निस्तारित। |
| 3. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, अस्सी, वाराणसी (याचिका सं.25134/2018) | निस्तारित (प्रस्ताव वापस)। |
| 4. | [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, बदायूं (1458/61) (याचिका सं.27190/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 5. | श्री आदर्श संस्कृत [illegible] महाविद्यालय, [illegible], जालौन(1542/62) (याचिका सं.27300/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 6. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, बदायूं (याचिका सं.27301/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 7. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible]पुर (याचिका सं.27419/2018) (याचिका सं.27437/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 8. | श्री[illegible] सं०म०वि० [illegible] वाराणसी (याचिका सं.27487/2018) | पुनर्विचार हेतु प्रस्ताव [illegible]। |
| 9. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, अस्सी, वाराणसी (याचिका सं.27584/2018) | निस्तारित (प्रस्ताव वापस)। |
| 10. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, फतेहपुर (याचिका सं. 2771/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 11. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], [illegible], देवरिया (याचिका सं. 27722/2018) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 12. | [illegible], वाराणसी (याचिका सं. 774/2019) | प्रक्रियाधीन। |
| 13. | आदर्श [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible] (1269/61) (याचिका सं. 1011/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 14. | [illegible] गुरुकुल सं०म०वि०,[illegible] वाराणसी (याचिका सं. 1094/2019) | प्रक्रियाधीन ([illegible] संस्कृत [illegible] हेतु महाविद्यालय द्वारा समय मांगा गया है)। |
| 15. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], [illegible], गोरखपुर(1146/61) (याचिका सं. 1740/2019) | प्रक्रियाधीन ( महाविद्यालय से [illegible])। |
| 16. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], गाजीपुर (1594/61) (याचिका सं. 2014/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 17. | [illegible] संस्कृत महाविद्यालय [illegible], फैजाबाद (याचिका सं. 3002/2019) (याचिका सं. 4399/2019) | प्रक्रियाधीन। |
| 18. | श्री [illegible] संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], वाराणसी (याचिका सं. 3115/2019) | निस्तारित (प्रस्ताव वापस)। |
| 19. | श्री [illegible] ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय, झूंसी, प्रयागराज (4147/78) (याचिका सं. 3194/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 20. | [illegible] गुरुकुल संस्कृत महाविद्यालय, [illegible], मिर्जापुर (याचिका सं. 3214/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 21. | आदर्श श्री हनुमत संस्कृत महाविद्यालय, जौनपुर (1287/61) (याचिका सं. 3349/2019) | प्रक्रियाधीन। |
| 22. | श्री चण्डी मंदिर रामस्वरूप गुप्त आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, जौनपुर (1332/61) (याचिका सं. 4470/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 23. | पंचायती स्वामी ब्रह्मानन्द संस्कृत महाविद्यालय नया बाजार, बस्ती (1827/61) (याचिका सं. 4485/2019) | प्रक्रियाधीन। |
| 24. | श्री वैष्णव भगवान देशराजसूरी, संस्कृत महाविद्याल, जौनपुर (1352/61) (याचिका सं. 4543/2019) | प्रक्रियाधीन (अनुस्मारक प्रेषित)। |
| 25. | श्री वैंकटेश परांकुश सं.म.वि., अस्सी, वाराणसी | प्रक्रियाधीन। |
| 26. | ब्रह्मचारी संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी | प्रक्रियाधीन । |
| 27. | पायानन्द गिरी संस्कृत महाविद्यालय, वाराणसी (1298/61) | निस्तारित (प्रस्ताव वापस)। |
| 28. | ऋषिकुल सं०म०वि०, सिसवा बाजार, महराजगंज | प्रक्रियाधीन। |
| 29. | श्री हरदेवदास नवमल बैरोलिया संस्कृत महाविद्यालय, टेढ़ीनीम, वाराणसी(1776/61) | प्रक्रियाधीन। |
| 30. | नेपाली संस्कृत महाविद्यालय, मंगलागौरी, वाराणसी | प्रक्रियाधीन। |
| 31. | श्री कबीर आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कबीर चौरा, वाराणसी | प्रक्रियाधीन। |

08/11/2021 08.11.21 08/11/2021 9/11/2021

**कार्यपरिषद् कृत कार्यवाही से अवगत हुयी तथा सम्पुष्टि की।**

**कार्यक्रम संख्या-4-** उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-1651/सत्तर-1-2021-16(87)/2018, दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष अधोलिखित उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-1651/सत्तर-1-2021-16(87)/2018, दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 विचारार्थ प्रस्तुत किया गया-

संख्या–1651 / सत्तर–1–2021–16(87) / 2018

प्रेषक,
मनोज कुमार,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,
1. कुलपति,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
2. निदेशक,
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

उच्च शिक्षा अनुभाग–1 लखनऊ: दिनांक: २२ अक्टूबर, 2021

विषय: सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में नितान्त अस्थायी रूप से मानदेय पर शिक्षकों की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के पत्र संख्या–1650 / सत्तर–1–2021–16(87) / 2018 दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 द्वारा सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में शिक्षकों के नियमित रूप से नियुक्ति के उपरान्त कार्यभार ग्रहण करने तक संस्कृत शिक्षकों के रिक्त पदों को कार्यहित में विकल्प के रूप में सेवानिवृत्त शिक्षकों से 70 वर्ष की उम्र तक कतिपय शर्तों के अधीन निश्चित मानदेय पर अध्यापन कार्य लिये जाने का निर्णय लिया गया है।

विगत 03 वर्षों में अध्ययनरत छात्रों की संख्या को आधार मानते हुए छात्र–शिक्षक अनुपात को ध्यान में रखते हुए ही न्यूनतम आवश्यकता के अनुसार पदों को भरे जाने की कार्यवाही की जायेगी।

2– इस सम्बन्ध में कुलसचिव, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी के पत्र संख्या–कु0 स0 3090 / 2021 दिनांक 23 सितम्बर, 2021 से प्राप्त सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी से सम्बद्ध अशासकीय सहायता प्राप्त संस्कृत महाविद्यालयों में रिक्त प्राचार्य एवं शिक्षकों के पदों का विवरण संलग्न कर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय,
(मनोज कुमार)
विशेष सचिव।

संख्या–1651(1) / सत्तर–1–2021–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
(1) समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
(2) कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश।
(3) गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(राम जन्म चौहान)
अनु सचिव।

उपरोक्त शासनादेश पर विचार-विमर्श के पश्चात् कार्यपरिषद् ने शासन के पत्र संख्या-1651/सत्तर-1-2021-16(87)/2018, दिनांक 22 अक्टूबर, 2021 के अनुसार कार्यवाही किये जाने पर अपनी सहमति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या-5**- श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के पत्रांक ई॰5862/जी॰एस॰, दिनांक 03 सितम्बर, 2021 पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष मा॰ कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव के अधोलिखित पत्रांक ई॰-5862/जी॰एस॰, दिनांक 03 सितम्बर, 2021 विचारार्थ प्रस्तुत किया गया-

**राज्यपाल सचिवालय उत्तर प्रदेश**
**लखनऊ–226027**

पत्रांक : ई– 5862 /जी0एस0
दिनांक : 03, सितम्बर, 2021

प्रेषक,

श्री राज्यपाल/कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

कुलपति,
डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

महोदय,

विश्वविद्यालयों के विभिन्न शैक्षणिक पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति हेतु साक्षात्कार में पारदर्शिता के बारे में मा0 कुलाधिपति के आदेश दिनांक 18 मई, 2021 तथा दिनांक 02 जुलाई, 2021 के बारे में कृपया अपने पत्र संख्याःअ0क0प्रा0वि0/कु0का0/2021/11957, दिनांक 02 सितम्बर, 2021 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उक्त पत्र में आपके द्वारा निम्न बिन्दु पर मार्गदर्शन मांगा गया है–

"......... सहायक आचार्य/सह आचार्य एवं आचार्य अन्तिम चयन :

- "प्रथम चरण–(Basic Academic Score एवं API+लिखित परीक्षा (100+40)/Basic Academic Score एवं API)" तथा "द्वितीय चरण–साक्षात्कार", के दोनो चरणों के अंकों के योग के आधार पर किया जाना है।

अथवा

- केवल द्वितीय चरण–साक्षात्कार" के आधार पर ही किया जाना है एवं "प्रथम चरण–(Basic Academic Score एवं API+लिखित परीक्षा (100+40)/Basic Academic Score एवं API)" Shortlisting हेतु होगा।"

उपरोक्त जिज्ञासा के क्रम में निम्नवत् स्थिति स्पष्ट की जाती है–

1. आदेश दिनांक 02 जुलाई, 2021 में यह स्पष्ट रूप से वर्णित किया गया है कि सहायक आचार्य/सह आचार्य एवं आचार्य के पद पर चयन की प्रकिया के दो चरण होंगे। प्रथम चरण शार्टलिस्टिंग का होगा और दूसरा चरण साक्षात्कार का होगा।

2. पत्र दिनांक 02 जुलाई, 2021 के बिन्दु संख्या–अ के 2, 3 व 4 की व्यवस्था के अनुसार सहायक आचार्य के सन्दर्भ में शार्टलिस्टिंग की प्रक्रिया 140 अंकों के आधार पर होगी। शार्टलिस्टिंग के बारे में आदेश दिनांक 18.05.2021 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार पारदर्शिता की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उपरोक्तानुसार शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों का शिक्षण कौशल की जानकारी (कम्प्यूटर पर कार्य करने की जानकारी तथा कक्षा के समक्ष प्रस्तुतीकरण) 20 अंकों की तथा साक्षात्कार 10 अंकों का सम्पन्न कराया जायेगा और इस प्रकार 30 अंकों के आधार पर साक्षात्कार की प्रक्रिया सम्पन्न करते हुए इन्हीं 30 अंकों पर आधारित परिणाम घोषित किया जायेगा। इसमें शार्टलिस्टिंग के लिए निर्धारित 140 अंक नहीं जोड़े जायेंगे।

3. पत्र दिनांक 02 जुलाई, 2021 के बिन्दु संख्या–ब के 2, 3 व 4 की व्यवस्था के अनुसार सह आचार्य एवं आचार्य के सन्दर्भ में शार्टलिस्टिंग की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। शार्टलिस्टिंग के बारे में आदेश दिनांक 18.05.2021 में दी गयी व्यवस्था के अनुसार पारदर्शिता की व्यवस्था का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। उपरोक्तानुसार शार्टलिस्टेड अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 20 अंकों का सम्पन्न कराया जायेगा और इस प्रकार 20 अंकों के आधार पर साक्षात्कार की प्रक्रिया सम्पन्न करते हुए इन्हीं 20 अंकों पर आधारित परिणाम घोषित किया जायेगा। इसमें शार्टलिस्टिंग के लिए निर्धारित अंक नहीं जोड़े जायेंगे।

भवदीय,

( महेश कुमार गुप्ता )
अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल।

प्रतिलिपि कुलपतिगण, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश, निदेशक, संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ/निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

03/09/21
( डा0 पंकज एल0 जानी )
विशेष कार्याधिकारी, शिक्षा श्री राज्यपाल।

उपरोक्त पत्र पर विचार-विमर्श करने के पश्चात् कार्यपरिषद् ने पत्रांक ई॰-5862/जी॰एस॰, दिनांक 03 सितम्बर, 2021 में दिये गये निर्देश के अनुसार नियुक्ति सम्बन्धी कार्यवाही करने पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या -6-** वित्त समिति की बैठक दिनांक 11.11.2021 की संस्तुतियों पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष वित्त समिति की बैठक दिनांक 11.11.2021 में की गयी अधोलिखित संस्तुतियों को प्रस्तुत की गयी-

## वित्त समिति की बैठक

*दिनांक* : **11.11.2021**
*समय* : *मध्यान्ह 12.00 बजे*
*स्थान* : *कुलपति महोदय का कार्यालयीय कक्ष*

### उपस्थिति

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | प्रो0 हरेराम त्रिपाठी, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| (2) | डॉ• ज्ञान प्रकाश वर्मा<br>क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी<br>वाराणसी। | – | सदस्य<br>(वर्चुवल उपस्थित) |
| (3) | श्री राजकुमार शुक्ला,<br>अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन<br>वाराणसी मण्डल, वाराणसी<br>प्रतिनिध<br>विषेष सचिव, वित्त विभाग<br>उ0प्र0 शासन, लखनऊ। | – | सदस्य |
| (4) | प्रो• चॉद किरण सालूजा,<br>निदेशक,संस्कृत सम्वर्धन प्रतिष्ठान,<br>1104/5, मंदिर मार्ग, घोषाला मार्ग,<br>डोरीवालान, नई दिल्ली–110006, | – | सदस्य<br>(वर्चुवल उपस्थित) |
| (5) | श्री अमित कुमार श्रीवास्तव<br>वित्त अधिकारी | – | सदस्य–सचिव |
| 6) | श्री केशलाल<br>प्रतिनिधि कुलसचिव | – | सदस्य |
| (7) | प्रो• राजनाथ,<br>परीक्षा नियंत्रक | – | सदस्य |

### कार्यवृत्त

वित्त अधिकारी द्वारा समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया।

**कार्यक्रम संख्या 1–** वित्त समिति की विगत बैठक दिनांक 27.07.2021 के कार्य विवरण की सम्पुष्टि तथा कृत कार्यवाही की सूचना।

**प्रस्तुत प्रस्ताव–** वित्त समिति की विगत बैठक दिनांक 27.07.2021 के कार्यवृत्त की छायाप्रति संलग्न है। विगत कार्यविवरण की सम्पुष्टि किये जाने का प्रस्ताव तथा कार्यवाही के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि वित्त समिति में लिये गये निर्णय के अनुसार अन्य विविध पुरस्कार, अन्य विविध विकास, अन्य विविध छात्रवृत्ति नाम से नया खाता खोला गया। अद्यतन स्थिति निम्नवत है –

| क्र• | खाता नाम | कुल संख्या | स्थानान्तरित संख्या | शेष खातो की संख्या |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य विविध पुरस्कार | 6 | 2 | 4 |
| 2 | अन्य विविध विकास | 23 | 2 | 21 |
| 3 | अन्य विविध छात्रवृत्ति | 14 | 4 | 10 |
| 4 | मेडल खाता | 1 | 1 | 0 |
| 5 | सामान्य मद | 2 | 0 | 2 |
| | **योग** | **46** | **9** | **37** |

गौड़ लेखा के विभिन्न 37 खातो को DEAF Account RBI Mode में आ जाने के कारण अग्रेतर कार्यवाही करने हेतु बैंक को पत्रांक ले• 1023/21 दिनांक 18.08.2021 के माध्यम से निर्देशित किया गया।

विश्वविद्यालयीय छात्रवृत्ति, वर्सरी छात्रवृत्ति प्राप्त करने के सम्बन्ध में शासन को पत्र प्रेषित किया गया। शुल्क वृद्धि का कार्यालय ज्ञाप पत्रांक 117/21 दिनांक 19.08.2021 द्वार प्रसारित किया गया है। श्री सद्गुरू राम सिंह महाराजपीठ के निर्देशक द्वारा मानदेय सहित कतिपय मदो में वृद्धि का प्रस्ताव आज की बैठक में प्रस्तुत किया जा रहा है। सरकारी कार्यो के सुचारू रूप से संचालन के लिये कुलपति, वित्त अधिकारी, कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक को 1–1 मोबाईल एवं सिम कार्ड उपलब्ध कराये जाने के निर्णय को वर्तमान में स्थगित रक्खा गया है।

**निर्णय–** कार्य विवरण की सम्पुष्टि की गयी तथा कृत कार्यवाही से समिति अवगत हुई।

**कार्यक्रम संख्या 2–** एल•एल•एम• विधिशास्त्र स्नातकोत्तर डिप्लोमा, हिन्दू विधिशास्त्र पाठ्यक्रम के शुल्क निर्धारण के परिप्रेक्ष्य में।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** उक्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव पर शैक्षणिक समिति गठित करने की संस्तुति प्रदान की गयी।

**कार्यक्रम संख्या 3–** शास्त्री (बी•ए•) योग एवं आचार्य (एम•ए•) योग एवं पी•जी• योग डिप्लोमा पाठ्यक्रम के शुल्क निर्धारण के परिप्रेक्ष्य में विचार।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** उक्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव में सम्मिलित प्रकरण दिनांक 02.11.2021 के द्वारा विचार किया गया जो बिन्दु 5 पर प्रस्तुत है।

**कार्यक्रम संख्या 4–** हिन्दू अध्ययन (एम•ए•) स्नातकोत्तर पाठयक्रम के शुल्क निर्धारण के परिप्रेक्ष्य में विचार।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** उक्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रकरण पर अवगत कराया गया कि बिन्दु 5 पर उल्लिखित बिन्दु के समान पाठ्यक्रम एवं शुल्क के निर्धारण के समान ही निर्धारण होना है। उक्त के अनुसार शुल्क रू• 6500/– प्रति सेमेस्टर निर्धारित करने की संस्तुति प्रदान की गई।

**कार्यक्रम संख्या 5–** हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम के शुल्क निर्धारण हेतु गठित समिति की बैठक दिनांक 02.11.2021 द्वारा संस्तुत किये गये शुल्क पर विचार –

(i) चार वर्षीय सेमेस्टर पाठ्यक्रम के लिये संस्तुत शुल्क रू• 5000/– प्रति सेमेस्टर प्रवेशावेदन पत्र हेतु रू• 500/– परीक्षा शुल्क रू• 1000/–

(ii) एक वर्षीय स्नातकोत्तर योग डिप्लोमा पाठ्यक्रम का शुल्क रू• 5000/– प्रति सेमेस्टर, आवेदन पत्र शुल्क रू• 500/– तथा परीक्षा शुल्क रू• 1000/– ।

(iii) शास्त्री/बी•ए•(योग) एवं आचार्य/एम•ए•(योग) पाठ्यक्रम हेतु प्रति सेमेस्टर रू• 6500/– ।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** उक्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गयी।

**कार्यक्रम संख्या 6–** श्री सदगुरू रामसिंह जी महाराज पीठ की बैठक दिनांक 27.10.2021 के द्वारा संस्तुत पर कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान किया जाना।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** श्री सदगुरू रामसिंह जी महाराज पीठ संचालन समिति की बैठक दिनांक 27.10.2021 को सम्पन्न हुई जिसमें निम्नलिखित निर्णय लिया गया –

निदेशिका के वर्तमान मानदेय रू॰ 18000/– प्रतिमाह में रू॰ 7000/– की वृद्धि करते हुए रू॰ 25,000/– प्रतिमाह तथा परिचारक संजय कुमार के वर्तमान पारिश्रमिक रू॰ 5,000/– प्रतिमाह में रू॰ 3,000/– की वृद्धि करते हुए रू॰ 8,000/– प्रतिमाह 01 जुलाई, 2021 से करने का निर्णय लिया गया। 01 जुलाई, 2021 से 31 अक्टूबर, 2021 तक के मानदेय वृद्धि का एरियर अक्टूबर माह के मानदेय का साथ देय होगा। उक्त पर कार्योत्तर स्वीकृति का प्रस्ताव है।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गयी। उक्त के साथ–साथ संचालन समिति की बैठक बिन्दु 1 के अनुसार एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन हेतु अनुमानित व्यय रू॰ 60000/–(साठ हजार) पर सहमति प्रदान की गयी। श्री सदगुरू राम सिंह जी महाराज पीठ द्वारा धन प्राप्त न होने पर भुगतान स्थगित रखने की संस्तुति की गयी।

**कार्यक्रम संख्या 7–** आगामी शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु प्रवेश सहित परीक्षा शुल्क आदि में वृद्धि के प्रस्ताव पर विचार।

**प्रस्तुत प्रस्ताव –** उक्त के अनुमोदन पर विचार।

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार के अनन्तर आगामी शैक्षणिक सत्र 2022–23 हेतु प्रवेश सहित परीक्षा शुल्क आदि में वृद्धि हेतु अधोलिखित समिति का गठन किया गया– 1. प्रो॰ चॉद किरण सालुजा, निदेशक,संस्कृत सम्वर्धन प्रतिष्ठान, नई दिल्ली 2. समस्त संकायाध्यक्ष 3. परीक्षा नियन्त्रक 4. उपकुलसचिव शैक्षिक 5. सहायक कुलसचिव (लेखा)।

**कार्यक्रम संख्या 8–** अध्यक्ष महोदय की अनुमति से अन्य विषयों पर विचार।

8(i) विश्वविद्यालय परिसर की रिक्त जमीन पर निर्माण ईकाई द्वारा निर्माण कार्य हेतु अधोलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया–

| क्र॰ | परियोजना का विवरण | आगणन मूल्य (रू॰ लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में गेस्ट हाउस का निर्माण कार्य | 944.68 |
| 2 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में 300 बेडेड क्षमता के छात्रावास का निर्माण कार्य | 1906.62 |
| 3 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्र ब्लाक का निर्माण कार्य | 2322.40 |
| 4 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में 750 क्षमता के ऑडिटोरियम हाल का निर्माण कार्य | 1993.86 |
| 5 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में बाह्य विकास का कार्य | 485.05 |
| 6 | सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय में क्रीड़ा प्रागंण विकास कार्य | 3605.11 |

**निर्णय–** प्रस्तुत प्रस्ताव राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार को प्रेषित करने की संस्तुति की गयी।

8(ii) शुल्क नवीनीकरण समिति की बैठक दिनांक 08.11.2021 की बैठक में अधोलिखित प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया –

| क्र॰ | विद्यावारिधि (Ph.D) | वर्तमान | प्रस्तावित |
|---|---|---|---|
| 1 | कोर्स वर्क शुल्क | 25000.00 | 30000.00 |
| 2 | पंजीकरण शुल्क | – | 2000.00 |
| 3 | शोधप्रबन्ध परीक्षण शुल्क | 10000.00 | 15000.00 |
| 4 | कोर्स वर्क एवं प्री सब्मिशन आदि प्रमाणपत्रों का प्रतिलिपि शुल्क | | 100.00 प्रति प्रमाण पत्र |
| **पारिश्रमिक** | | | |
| 1 | शोधप्रबन्ध परीक्षण | 750.00 | 1500.00 |
| 2 | मौखिक परीक्षा | 600.00 | 1500.00 |
| 3 | शोध प्रवेश परीक्ष (प्राश्निक) | – | 50.00 प्रति प्रश्न पत्र |
| 4 | एम॰एड॰ प्रवेश परीक्ष (प्राश्निक) | – | 40.00 प्रति प्रश्न पत्र |
| 5 | सहायक आचार्य नियुक्ति हेतु प्रश्नपत्र निर्माण | – | 100.00 प्रति प्रश्न पत्र |
| **वाचस्पति (D.Lit.)** | | | |
| 1 | पंजीकरण शुल्क | 5000.00 | 25000.00 |
| 2 | शोधप्रबन्ध परीक्षण शुल्क | 10000.00 | 25000.00 |
| **पारिश्रमिक** | | | |
| 1 | शोधप्रबन्ध परीक्षण | 750.00 | 1500.00 |
| 2 | मौखिक परीक्षा | 600.00 | 1500.00 |
| **एम॰डी॰/एम॰एस॰** | | | |
| 1 | पंजीकरण आवेदनपत्र मूल्य | 500.00 | 1000.00 |
| 2 | पंजीकरण शुल्क | 2500.00 | 5000.00 |
| 3 | शोधप्रबन्ध परीक्षण शुल्क | 15000.00 | 20000.00 |
| **पारिश्रमिक** | | | |
| 1 | शोधप्रबन्ध मूल्यांकन | – | 750.00 |
| 2 | मौखिक परीक्षा (प्रति छात्र) | – | 500.00 |

विशेष : समस्त शुल्को में अनु॰ जाति /जनजाति के छात्रो को 50 प्रतिशत की छूट अनुमन्य होगी

(क) विद्यावारिधि, कार्यपरिषद, वित्त समिति की बैठक के लिए सिंटिंग चार्ज रू॰ 2000.00 प्रतिदिन (बाह्य सदस्यो हेतु)

(ख) साक्षात्कार के लिये सिटिंग चार्ज ( प्रति बैठक, प्रति विशेषज्ञ, प्रति दिन ) रू॰ 3000.00 न्यूनतम, अधिकतम रू॰ 5000.00 एक दिन में एकाधिक बैठक में भाग लेने पर।

(ग)सम्बद्धता – सम्बद्धता शुल्क रू॰ 25000.00 के स्थान पर 50000.00 तथा रू॰ 10000.00 के स्थान पर रू॰ 20000.00

समिति ने दिनांक 31.12.2020 तक सम्बद्धता हेतु आवेदन प्रस्तुत करने वाले महाविद्यालय पुरानी दर पर तथा 1.1.2021 से आवेदन पत्र प्रस्तुत करने वाले पुनरीक्षित दर पर शुल्क जमा करेंगे। यह भी कि पुराने मान्यता प्राप्त महाविद्यालयों की मान्यता व सम्बद्धता की समीक्षा की जाये तथा सम्बद्धता शुल्क की प्रति पॉच वर्ष में पुनः समीक्षा की जाय।

**निर्णय–** उक्त प्रस्तुत प्रस्ताव पर संस्तुति प्रदान की गयी।

8(iii) कुलपति कैम्प कार्यालय में अत्यावश्यक कार्य हेतु कार्मिको को अतिरिक्त रूप से भुगतान किये जाने पर सहमति प्रदान की गयी। इस पर E.P.F/E.S.I. का भुगतान नही किया जायेगा।

8(iv) लेखानुभाग के दफ्तरी के भत्ते को रू॰ 50/– के स्थान पर रू॰ 500/– प्रतिमाह किये जाने की संस्तुत की गयी।

वित्त अधिकारी/सदस्य सचिव
सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय
वाराणसी।

**विचार-विमर्श के अनन्तर कार्यपरिषद् ने सर्वसम्मत्ति से वित्त समिति की बैठक दिनांक 11.11.2021 में की गयी संस्तुतियों पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

**कार्यक्रम संख्या-7-** विद्या परिषद् की बैठक दिनांक 11.11.2021 की संस्तुतियों पर विचार।

कार्यपरिषद् के समक्ष विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 11.11.2021 में की गयी अधोलिखित संस्तुतियों को प्रस्तुत किया गया-

## विद्या परिषद् की बैठक

दिनांक - 11.11.2021
समय अपराह्ण - 3:00 बजे से
स्थान - योग साधना केन्द्र

**उपस्थिति**

**1- प्रो. हरेराम त्रिपाठी, कुलपति- अध्यक्ष**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2- | प्रो. महेन्द्र पाण्डेय | 3- | डा. विजय कुमार पाण्डेय |
| 3- | प्रो. सुधाकर मिश्र | 5- | प्रो. हीरक कान्ति चक्रवर्ती |
| 6- | प्रो. अमित कुमार शुक्ल | 7- | प्रो. राघवेन्द्र जी दूबे |
| 8- | प्रो. रामकिशोर त्रिपाठी | 9- | प्रो. हरिप्रसाद अधिकारी |
| 10- | प्रो. शैलेश कुमार मिश्र | 11- | प्रो. जितेन्द्र कुमार |
| 12- | प्रो.रामपूजन पाण्डेय | 13- | प्रो. प्रेम नारायण सिंह |
| 14- | प्रो. हरिशंकर पाण्डेय | 15- | प्रो. शम्भुनाथ शुक्ल |
| 16- | प्रो. विधु द्विवेदी | 17- | प्रो. राजनाथ |
| 18- | प्रो. कमलाकान्त त्रिपाठी | 19- | डा. दिनेश कुमार गर्ग |
| 20- | डा. विद्या कुमारी चन्द्रा | 21- | डा. रविशंकर पाण्डेय |
| 22- | डा. विजय कुमार शर्मा | 23- | पद्मश्री डॉ.चमू कृष्णशास्त्री |
| 24- | प्रो. कृष्णकान्त शर्मा | 25- | प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी (Online) |
| 26 - | प्रो. सुदेश शर्मा | 27 - | प्रो. मुरलीधर शर्मा (Online) |
| 28- | कुलसचिव-सचिव | | |

**मंगलाचरण - प्रो. महेन्द्र पाण्डेय**

सर्वप्रथम कुलपति महोदय ने विद्यापरिषद् में सहयोजित माननीय सदस्यों पद्मश्री डॉ.चमू कृष्णशास्त्री, प्रो. कृष्णकान्त शर्मा, प्रो. सुदेश शर्मा तथा आन-लाईन माध्यम से परिषद् में उपस्थित मा. सदस्य प्रो. ललित कुमार त्रिपाठी तथा प्रो. मुरलीधर शर्मा का अभिनन्दन करते हुए कहा कि विद्यापरिषद् में सहयोजित माननीय सदस्यगण देश के विभिन्न भागों का प्रतिनिधित्व करते है और प्रतिष्ठित विद्वान् है, विद्यापरिषद् में इन विद्वानों की उपस्थिति से विश्वविद्यालय के सम्मान एवं प्रगति में वृद्धि होगी।

कुलपति महोदय के उद्बोधन के पश्चात् माननीय सदस्य पद्मश्री चमू कृष्णशास्त्री ने परिषद् को नवीन शिक्षा नीति एवं उससे संस्कृत के अध्ययन-अध्यापन में होने वाले लाभों के संदर्भ में सदस्यों को अवगत कराया। तत्पश्चात् कुलपति महोदय ने विद्यापरिषद् की कार्यवाही प्रारम्भ करने की अनुमति प्रदान की।

**कार्यक्रम संख्या -1-** विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 26.07.2021 की कार्यवाही की पुष्टि।

**विचार-विमर्श के अनन्तर विद्या परिषद् ने परिषद् की विगत बैठक दिनांक 26.07.2021 की सम्पुष्टि की।**

**कार्यक्रम संख्या -2-** विद्यापरिषद् की बैठक दिनांक 26.07.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रियान्वयन की सूचना।

**विद्यापरिषद् ने विगत बैठक दिनांक 26.07.2021 में लिये गये निर्णयों के क्रियांवयन के सन्दर्भ में प्रस्तुत सूचना पर विचार करते हुए परिषद् ने समस्त संकायों से प्राप्त पाठ्यक्रम को नयी शिक्षा नीति के अनुरूप करने के लिए एक बार और समीक्षा एवं परिष्कृत करने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया। तत्पश्चात् परिषद् अन्य क्रियांवयन रिर्पोट से अवगत हो कृत कार्यवाही पर अपनी स्वीकृति प्रदान की।**

**कार्यक्रम संख्या -3-** एल.एल.एम. विधिशास्त्र स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम निर्माण (हिन्दू विधिशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में) करने पर विचार।

**विद्यापरिषद् ने विचार-विमर्श के अनन्तर एल.एल.एम. विधिशास्त्र स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम निर्माण (हिन्दू विधिशास्त्र के परिप्रेक्ष्य में) पर अपनी सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान करते हुए विद्यापरिषद् ने पाठ्यक्रम निर्माण एवं अन्य प्रक्रिया सम्पादित करने के संदर्भ में समिति गठित करने हेतु कुलपति महोदय को अधिकृत किया।**

**कार्यक्रम संख्या -4-** हिन्दू अध्ययन (एम.ए.) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम पर विचार।

विद्यापरिषद् के समक्ष दर्शन संकाय बोर्ड द्वारा संस्तुत हिन्दू अध्ययन पाठ्यक्रम आचार्य (एम.ए.) का अधोलिखित पाठ्यक्रम विचारार्थ प्रस्तुत किया गया-

FIRST SEMESTER

COURSE II – METHODS I : प्रमाण–विज्ञान

(अनिवार्य)

पूर्णांक : 100 (80+20)

4) शब्द, शब्दशक्ति, (अभिधा, लक्षणा, व्यञ्जना) शक्तिग्रह तथा तात्पर्य—ज्ञान तथा इनका पाश्चात्य विश्लेषण से वैषम्य।

**इकाई—4** : अर्थापत्ति,अनुपलब्धि एवं सम्भव, ऐतिह्य, चेष्टादि — अंक—15

**इकाई—5** : — अंक—20

1. आधुनिक विज्ञान तथा विधि शास्त्र में विभिन्न प्रमाणों का प्रयोग—
   - प्रत्यक्ष — प्रायोगिक विश्लेषण।
   - अनुमान — (यदि अ=ब तथा ब=स तब अ=स, सामान्यतः गणित तथा आधुनिक विज्ञान में प्रयुक्त)।
   - उपमान — तुलनात्मकता तथा सादृश्य (गणितीय प्रतिमान / सादृश्य / वर्गीकरण)।
   - अर्थापत्ति — परिस्थितिजन्य प्रमाण (विधिशास्त्र में अधिकतर प्रयुक्त)।
   - शब्द — आप्तोपदेश
   - अनुपलब्धि — अभाव का ज्ञान।
2. प्रमाण सिद्धान्त का प्रयोग—
   अ) आधुनिक विज्ञानों में जैसे आयुर्वेद, विधिशास्त्र (न्यायिक प्रक्रिया) तथा अर्थशास्त्र।
   ब) तत्त्वज्ञान में।
3. प्रमाणों की परम्परा पुष्टता (प्रमाण सम्प्लववाद) तथा विमर्श की आवश्यकता।
4. समकालीन सन्दर्भ के अध्ययन में इनका अनुप्रयोग।

**आन्तरिकमूल्यांकन** — अंक—20

**संस्तुत पाठ्यसामग्री—**


1. न्यायभाष्यम् — प्रसन्नपदा टीका सहित , सम्पा. [illegible] — चौखम्बा प्रकाशन— वाराणसी
2. सच्चिदानन्द मिश्र, न्यायदर्शन में अनुमान, भारतीय विद्या प्रकाशन, वाराणसी, 2005।
3. [illegible], न्यायदर्शन, भारतीय दर्शन अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली, [illegible] सच्चिदानन्द मिश्र, 2016।
4. S.S. Barlingay, *A Modern Introduction to Indian Logic*, National Publishing House, 1965.
5. D.C. Guha, *Navya Nyāya System of Logic*, Motilal Banarsidass, 1979
6. Nandita Bandyopadhyay, *The Concept of Logical Fallacies*, Sanskrit Pustak Bhandar, 1977
7. Ratna Dutta Sharma, *Philosophical Discourse*, Allied Publishers Pvt. Ltd, 2000.
8. Srilekha Datta, *'Validity is Not Enough'* in P.K. Sen (ed.): *Logical Identity and Consistency*, Allied Publishers Limited, 1998
9. Chattopadhyay, Madhumita, *Walking along the Path of Buddhist Epistemology*, DK Printworld, 2007.
10. Kaṇāda, *Vaiśeṣika Darśanam*- with *Praśastabhāṣya* (in Bengali) — ed. by Damodarasram, Kolkata, 2010.
11. Keshava Mishra, *Tarkabhāṣā*: ed. by Gangadhar Kar, part-1, Jadavpur University, Kolkata, 2008.
12. Narayana Bhatta, *Mānameyodaya*, Calcutta Sanskrit College Research Series No. CXXXVIII, Texts No.43, 1990.
13. Debabrata Sen, *The Concepts of Knowledge*, K. P. Bagchi, Calcutta, 1984.
14. K. N. Jayatilleke, *Early Buddhist Theory of Knowledge*, Routledge Pub, London, 1963.
15. Swami Satprakasanonda, Huston Smith: *Methods of Knowledge*, Advaita Ashram, London, 1995.
16. D. M. Datta: *The Six Ways of Knowing*, University of Calcutta, Calcutta, 1998.
17. Satischandra Chatterjee: *The Nyāya Theory of Knowledge*, Bharatiya Kala Prakashan, 2008.
18. Govardhan P. Bhatt : *Epistemology of the Bhaṭṭa School of Pūrva Mīmāṁsā*, Chaukhamba Sanskrit Series, Varanasi, 1962.
19. P. K. Mukhopadhyay : *Nyāya Theory of Linguistic Performance* ,Jadavpur University and K. P. Bagchi & Co., Kolkata, 1992.
20. B. K. Matilal, *Perception: An Essay On Classical Indian Theories Of Knowledge*, Oxford University Press, USA, 1986.
21. Srinivasa Rao : *Perceptual Error: The Indian Theories*, University Press of Hawai'i, Honolulu, 1998.
22. Śālikanatha Mishra, *Prakaraṇapañcikā- Nyayasiddhi*, A. Subrahmanya Śāstrī (ed.), Banaras Hindu University, Varanasi, 1961
23. Jyogendra Nath Bagchi, *Prāchīna Nyāya and Mīmāṁsā Darśana Sammata Prāmāṇyavāda*, Sanskrit Pustaka Bhandar.


*******

**COURSE III – METHODS II : वादपरम्परा तथा उनकी संस्थाएं: विकास और ज्ञान का महत्त्व** (अनिवार्य)

पूर्णांक : 100 (80+20)

**इकाई—1** — अंक—15

1. वादपरम्परा : शास्त्रार्थ की विधि—
   अ) सम्भाषा करने की विधि, नियमन, अनुशीलन और उपादेयता।
   ब) सिद्धान्त (सर्वतन्त्र— प्रतितन्त्र—अभ्युपगम—अधिकरण सिद्धान्त)
2. कथा (स्वरूप तथा प्रकार)—
   अ) वाद (स्वरूप तथा उद्देश्य)
   ब) जल्प (स्वरूप तथा उद्देश्य)
   स) वितण्डा (स्वरूप तथा उद्देश्य)

**इकाई—2** — अंक—15

1. ज्ञान परम्परा का संरक्षण—
   अ) सूत्र (सिद्धान्तों की सूत्रात्मक प्रस्तुति), भाष्य (सिद्धान्त का विवरण), वार्तिक (निर्दिष्ट तथा अनिर्दिष्ट स्थितियों की समीक्षा)।
   ब) वृत्ति (सिद्धान्त का संक्षिप्त विवरण)।
   स) टीका (सरलविधि में उदाहरण सहित विस्तृत विवरण)।
   द) टिप्पणी (किसी निश्चित बिन्दु, परिभाषा, शब्दावली, पादटिप्पणी के रूप में)
2. पदैकवाक्य एवं वाक्यैकवाक्यता।
3. अर्थनिर्धारण की प्रविधियाँ (श्रुति, लिङ्ग, वाक्य, प्रकरण, स्थान, समाख्या)

**इकाई—3** ज्ञान के तात्पर्यविश्लेषण के नियम षड्विधप्रक्रिया— षड्विधतात्पर्यनिर्णायक लिङ्ग।

**इकाई—4** — अंक—15

1. तन्त्रयुक्ति : अन्वेषण विधि, आधुनिक विज्ञान, तकनीकी औषधि, विधिशास्त्र, विशेष क्षेत्र में निर्णयन के विभिन्न स्तर तथा किसी समकालीन समस्या के समाधान में इनका अनुप्रयोग।
2. नैयायिकप्रक्रिया (समस्या से निर्णय)।

**इकाई—5** : वेदोच्चारण तथा अर्थ संरक्षण के माध्यम— — अंक—15

1. वेदाङ्ग।
2. पाठ—पद्धति(संहिता पाठ—पुष्पसूत्र के अनुसार, हिरण्यकेशीसूत्र,सामगानसूत्र—उच्चारण / अर्थविकृतिपाठ।

**आन्तरिकमूल्यांकन** — अंक—20

**संस्तुत पाठ्यसामग्री—**


1. [illegible], [illegible] त्रिपाठी, प्रकाशक— [illegible], भारतीय [illegible], काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी [illegible], 2006।
2. 'वादपरम्परा ज्ञानसंरक्षणं', ([illegible])— [illegible] शर्मा (सं.) सम्पादक — [illegible] मिश्र, सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, वेरावल, गुजरात, 2020।
3. सच्चिदानन्द मिश्र, [illegible] : [illegible] का महत्त्वपूर्ण घटक, दर्शन के आयाम, [illegible]—1, [illegible] बुक कार्पोरेशन, 2011.
4. [illegible] ([illegible]), [illegible], [illegible] संस्कृत सीरीज, वाराणसी, 2016.
5. [illegible] में [illegible], [illegible] त्रिपाठी, [illegible] प्रकाशन, 2020।
6. *Kārikāvalī-arthaddāraṇa*: Hindi vyākhyopetam by Vācaspati Gairolā, Caukhambā Vidyābhavana, Vārāṇasī, 1962.
7. Radhavallabh Tripathi, *Vāda in Theory and Practice: Studies in debates, dialogues, and discussions in Indian intellectual discourses*, IIAS, Shimla and DK Print World, New Delhi, 2016.
8. Kamalesh Datta Tripathi, *The Structure of the Śāstra and The Tradition of Exegesis: An Overview of The Indian Exegesis*.
9. K. N. Chatterjee, *Word and its Meaning- A New Perspective*, Varanasi, 1980.
10. P. K. Mazumdar, *The Philosophy of Language: An Indian Approach*, Calcutta, 1976.
11. S.S. Barlingay : *A Modern Introduction to Indian Logic*, National Publisher House, Delhi, 1965.
12. S.S. Barlingay: 'Problem of Formalisation in Samvāda Śāstra', JICPR, 1996.
13. S.S. Barlingay: 'Standards of Scientific Investigation: Logic and Methodology of Science in Caraka Saṁhitā, UHS, 19(3), 1984.
14. [illegible]

**COURSE IV - PRINCIPLES I : तत्त्वविमर्श** (अनिवार्य)

पूर्णांक : 100 (80+20)

**इकाई—1 हिन्दुत्व का मूल एवं क्रमिक इतिहास** अंक—16

1. 'हिन्दू' : वंशावली, भौगोलिक सम्प्रदाय।
2. 'हिन्दू' : भारतीय मनीषियों तथा विदेशी विद्वानों के मतों का परीक्षण
3. भारतीय ज्ञान परम्परा (अष्टादशविद्या) और इनके आचार्य।
4. भारतीय परम्परा में पदार्थ तत्त्व, (जगत एवं विश्व) की प्रकृति एवं पंचमहाभूतों का स्वरूप।

**इकाई—2** अंक—16

1. सम्पूर्ण परम्परा में आत्मा एवं आत्मतत्त्व की अवधारणा विषयक समानता।
2. सम्प्रभुता का समानांतर सिद्धान्त (आत्मानुशीलन)—
   अ) आत्मपरिचय : नासदीयसूक्त, ऐतरेयोपनिषद्, [illegible]।
   ब) अर्धनारीश्वर काश्मीर शैव—दर्शन एवं बृहदारण्यक उपनिषद् (1.4.3)

**इकाई—3** अंक—16

1. शक्ति और प्रकृति का सिद्धान्त : स्त्री तथा देवियों के परिप्रेक्ष्य में।
2. सौन्दर्यलहरी : सामान्य अध्ययन।
3. जैन एवं बौद्ध तथा सिक्ख परम्पराओं में स्त्री सिद्धान्त विषयक समानता।

**इकाई—4 :** अंक—16

1. अ) वैदिक परम्परा में एकत्व का सिद्धान्त, विरुद्ध मतों की स्वीकार्यता का आधार।
   ब) जैन, बौद्ध, न्याय, वैशेषिक एवं सिक्ख, सिद्धान्तों में अन्तःसंयोजनात्मकता।
2. अनन्त ज्ञान और विनम्रता का उदय : (नासदीय सूक्त, [illegible] श्री म.भा 8/3 जैन, बौद्ध एवं सिक्ख ग्रन्थों के सन्दर्भ में)।
3. सम्प्रदायों में एकत्व : एक सत्ता के अनेक अभिधान (जैसे— विष्णु, बुद्ध, सूर्य एवं शिव)।
4. अन्तःसंयोजनात्मकता, एकत्व, अन्योन्याश्रितता, स्वीकार्यता में अन्तःसम्बन्ध।
5. तर्कों की स्वीकार्यता : असहिष्णुता, हिंसा एवं आतंकवाद का निषेध (वैदिक मत, जैन (जिनदत्त सूरि) तथा सिक्ख मत।

**इकाई—5 : वैदिक दृष्टि** अंक—16

1. वर्ण की सात्त्विक स्थिति : पुरुषसूक्त, बृहदारण्यक उपनिषद् एवं मनीषापञ्चक(शंकराचार्य)।
2. सामाजिक समानता तथा सम्मान का आधार : एकत्व का सिद्धान्त।
3. वर्ण, जाति एवं कलह पूर्ण रूप से विभिन्न विचारों से सम्बद्ध कैसे? (श्रीमद्भगवद्गीता)

**आन्तरिकमूल्यांकन** अंक—20

**संस्तुत पाठ्यसामग्री—**


1. पुरुषसूक्त, ऋग्वेद 10 मण्डल, 90वाँ सूक्त श्रीपाद दामोदर सातवलेकर पारडी।
2. नासदीयसूक्त, ऋग्वेद 10 मण्डल, 129वाँ सूक्त, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, पारडी।
3. वाक्सूक्त ऋग्वेद 10 मण्डल, 125वाँ सूक्त, श्रीपाद दामोदर सातवलेकर, पारडी।
4. ईशादिदशोपनिषद्, [illegible] (ईश—केन—कठ—प्रश्न—मुण्डक—माण्डूक्य... शांकरभाष्य सहित), चौखम्भा प्रकाशन, 2010।
5. वैदिकसूक्तसंग्रह, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण।
6. सौन्दर्यलहरी, [illegible]।
7. शांकरज्योति ([illegible]), [illegible], पराशरी प्रकाशन, काशी, वाराणसी, 2004।
8. [illegible], आदिशंकराचार्य, [illegible], 2020
9. बृहदारण्यक उपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण, 1915.
10. पुरुषार्थचतुष्टय, [illegible] त्रिपाठी, चौखम्बा [illegible], नई दिल्ली।
11. भारतीय चिन्तनधारा (भाग 1 एवं 2), भारतीय विद्या भवन, सं.— [illegible], नई दिल्ली, 2016।
12. संस्कृत वाङ्मय में विज्ञान का इतिहास, सं.— [illegible] मिश्र, एन.सी.ई.आर.टी., नई दिल्ली, 2003।
13. प्राचीन भारतीय आचार्य, सम्पादक— [illegible], नई दिल्ली, 2016।
14. भारत की [illegible] और सामाजिक समरसता, [illegible], मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2010।
15. दुर्गासप्तशती, गीताप्रेस, गोरखपुर, संस्करण, 2017।
16. केनोपनिषद्, ईशादि नौ उपनिषद्, गीताप्रेस, गोरखपुर, 2017।
17. *The Concept of Ātman in the Principal Upaniṣads: In the Perspective of the Saṁhitās, the Brāhmaṇas, the Āraṇyakas and Indian Philosophical System*, Baldev Raj Sharma, Dinesh Publications, Jalandhar-144008, 1972.
18. जिनसेन–महापुराण
19. *Facets of Indian Heritage*, Ed. Dipti Sharma Tripathi, New Bharatiya Book Corporation, Delhi, 2008.
20. *The Tantras and Their Impact on Indian Life*, Ed. Pushpendra Kumar, Vidyanidhi Prakashan, Delhi, 2004.
21. *Relevance of India's Ancient Thinking to contemporary Strategic Reality*, Ed. Arvind Gupta & Arpita Mitra, Vivekanand International Foundation & Aryan Books International, New Delhi, 2020.
22. *Maitryupanisad*, S. Radhakrishnan, The Principal Upanisads, Harper Collins Publishers, Noida, 2016.
23. *Taittiriyopanisad*, S. Radhakrishnan, The Principal Upanisads, Harper Collins Publishers, Noida, 2016.
24. *Subala Upanisad*, S. Radhakrishnan, The Principal Upanisads, Harper Collins Publishers, Noida, 2016.
25. *Sāmkhya Kārikā*, Ed. & Tr. Ramāśankara Tripathi, Chaukhaba Krishnadas Academy, Varanasi, 2015.
26. *Tarkabhāṣā- Yaśovijaya*, Ed. Dayānanda Bhārgava, Motilal Banarasidas, 1973.
27. *Vaiśeṣika Gaṇitīya Paddhati*, N.G. Dongre, Varanasi, S.S.V., 1965.
28. *Vedāntaparibhāṣā* (viṣaya paricchedah), Dharmarajadhvarindra, ed. by Panchanan Shastri, śak 1883.
29. *Sankhyatattvakaumudi*, Vacaspati Misra, ed. by Narayan Chandra Goswami, 1921.
30. *Classical Indian Metaphysics*, Stephen H. Philips, Delhi: Motilal Banarasidass, 1997.
31. *Indian Realism*, Jadunath Sinha, London: Kegan Paul, 1938.
32. *Indian Realism*, P.K. Mukhopadhyaya, Calcutta: K.P. Bagchi 1984.
33. *Vaiśeṣika Philosophy*, H. Ui, Varanasi: Chowkhambha Sanskrit Series 22, reprinted in 1962
34. *Tarkabhāṣā Vol– II*, Gangadhar Kar, Kolkata: Mahabodhi Books, 2014 Gopinath Bhattacharya, *Essays in Analytic Philosophy.*
35. *Nyāya Tattva Parikramā*, K. K. Banerjee.
36. *Facets of Indian Thought*, Betty Heimann, George Allen & Unwin Ltd, London, 1964.


*******

9.11.21

09.11.2021

# SECOND SEMESTER

**COURSE V – METHODS III : विमर्श की पाश्चात्य प्रविधि**

(अनिवार्य)
पूर्णांक : 100 (80+20)
अंक—16

**इकाई—1**

1. इतिहासान्वेषण की सीमा हेतु पारम्परिक पाश्चात्य प्रतिबन्ध।
2. पारम्परिक प्रविधियाँ (ऐतिहासिक जीवनियाँ इत्यादि)।
3. रीतिवाद एवं नव—समीक्षावाद : रीति एवं साहित्यात्मकता के महत्व, न कि लेखक का।

अंक—16

**इकाई—2**

1. मार्क्सवाद एवं समीक्षावादी चिन्तन—
   क) विश्लेषणात्मक उपागमों के रूप में वर्ग एवं आर्थिक—सिद्धान्तों की भूमिका।
   ख) समीक्षावादी सिद्धान्त— एक रचनात्मक सिद्धान्त : इसके इतिहास का पुनरावलोकन एवं यूरोप में उन्नत मार्क्सवादी चिन्तन के अभियान।
   ग) अन्तोनियो ग्राम्शी और आधिपत्य।

**इकाई—3**

1. संरचनावाद—
   क) सौस्यूर, क्लाउड लेवी स्ट्रास संरचना भाषा—विज्ञान का प्रभाव, परिवर्तनात्मक टिप्पणी (शब्दों के अन्तर्निहितार्थ नहीं होते)।
   ख) वस्तुनिष्ठता पर बल, वैज्ञानिक दृष्टिकोण।
2. उत्तर—संरचनावाद—
   क) देरिदा एवं औपनिवेशिक समीक्षावाद के प्रभाव।
   ख) विखण्डन— सन्दर्भ—हानि एवं अर्थ का अन्तहीन स्थगनादिक, समीक्षक का अर्थ रचना स्वातन्त्र्य।

अंक—16

**इकाई—4**

1. ऐतिहासिकतावाद, नव ऐतिहासिकतावाद कल्चरल मैटीरियलिज्म—
   क) तटस्थ अन्वेषण की असम्भावना एवं ऐतिहासिक मूल्यपरक निर्णयों के निर्माण की आवश्यकता।
   ख) महान् एवं लोकप्रिय शक्तियों के बीच अभेद : शक्ति—प्रयोग एवं अवसान।
   ग) गैर—मानक व्यवहारों में प्रकट अभिव्यक्ति : सूचक विरोध, कार्य—नीति, परम्परावादिता, तथा 'अन्य'।
2. नृजातीय अध्ययन, प्राच्यवाद, उत्तर—आधुनिकतावाद, उत्तर—औपनिवेशिक आलोचना और लैंगिक अध्ययन तथा फेनोमेनोलॉजी।

अंक—16

**इकाई—5**

1. मनोवैज्ञानिक विश्लेषण (फ्रायडीय एवं युंगीय एवं लाकानियन)।
2. विज्ञान एवं संज्ञान के बीच में दैवकालीय दृष्टि।
3. अपचयन के परे जाना : भारतीय ज्ञान—तंत्र की भूमिका।
4. भारतीय प्रविधियों उपयोग कर समकालीन पाठों का विश्लेषण (यथा प्रविधि— I एवं II पाठ्यक्रमों में निरूपित, उपयुक्त पाश्चात्य दृष्टिकोण)।

अंक—20

**आन्तरिकमूल्यांकन**

**संस्तुत पाठ्यसामग्री—**


1. मार्क्सवाद और भाषादर्शन, हरिवंशनन्दनसरस्वती [illegible], गीताप्रेस, गोरखपुर।
2. *Colonial Discourse and Post-Colonial Theory: A Reader*, Williams, Patrick and Laura Chrisman, Columbia Press, NY, 1993.
3. *History and Historians in the 19th Century*, GP Gooch, Forgotten Books, London, 2018.
4. *The Historian Craft*, Marc Bloch, Vintage, NY, 1964
5. *The Creation of Patriarchy*, Lerner Gerda, Oxford University Press, 1986.
6. *Gender and Politics of History*, Joan Scott, Oxford University Press, 1988.
7. *White Mythologies, History and the West*, Robert Young, Routledge, 1990.
8. *Studying History*, Black Jeremy, and Donald Macraild, Macmillan, 1997.
9. *G Research Methodology and Historical Investigation*, Clark Kitson, Cambridge University Press, 1972.
10. *The Age of Revolution*, 1789-1848, Eric Hobsbawm, Weidenfeld and Nicolson, World Publishing Company, London, 1962
11. *Essays in Indian History: towards a Marxist Perception*, Irfan Habib, Anthem Press, London, 2002.
12. *Marxist Historiographies: A Global Perspective*, Editors – Wang and Iggers, Routledge, London, 2016.
13. *Marxist History Writing for the 21st Century*, Edt. Chris Wickham, OUP/British Academy, London, 2007.
14. *Marxism and the Methodologies of History*, Gregor McLennan, Verso Books, London, 1981.
15. *Reflections on the Marxist Theory of History*, Paul Blackledge, Manchester University Press, Manchester, UK, 2006.
16. *Postmodernism, or, the Cultural Logic of Late Capitalism*, Fredric Jameson, Duke University Press, NC, USA, 1989.
17. *Postmodernism: A Very Short Introduction*, Christopher Butler, Oxford: Illustrated edition, Oxford University, London, 2008.
18. *Postmodern Theory*: Steven Best & Douglas Kellener, Guilford Publication, NY, 1992.
19. *The Origins of Postmodernity*, Perry Anderson, AAkar Books, Delhi, 2013.
20. *Orientalism*, Edward Said, Vintage, NY, 1978.
21. *Culture and Imperialism*, Edward Said, Publisher, Chatto & Windus, 1993.
22. *Orientalism: History, Theory and the Arts*; John McKenzie, Chatto and Windus, UK, 1995.
23. *Interrogating Orientalism: Contextual Approaches and Pedagogical Practices*, Editors: Hoeveler and & Cass, Ohio State University Press, USA, 2013.
24. *Orientalism and Modernism: The legacy of China in Pound and Williams*, Zhaoming Qian, Duke University Press, NC, 1993.
25. *Structuralism and Poststructuralism for Beginners*, Donald D. Palmer, For Beginners Press, 2007.
26. *Poststructuralism(A very Short Introduction)*, Catherine Belsey, Oxford: Illustrated edition, Oxford University, London, 2006.
27. *Michel Foucault: Beyond Structuralism and Hermeneutics*; Dreyfus and Rabinow, University of Schicago Press, 1983.
28. *Structuralism and Since: From Levi Strauss to Derrida*; Editor: John Sturrock, Oxford University Press, 1981.
29. *Genealogies and Speculation: Materialism and Subjectivity since Structuralism*, Suhail Malik and Armen Avanessian, Bloomsbury Academic, UK, 2016.
30. *Architecture and Structuralism: The Ordering of Space*, Hertzberger, NAi Publishers, Netherlands, 2014.
31. *History of Structuralism*, Vol. 1: *The Rising Sign*; 1945-1966, Dosse, University of Minnesota Press, USA, 1998.
32. *Critical Theory to Structuralism; Philosophy, Politics and the Human Sciences*, David Ingram, Routledge, London, UK, 2014.
33. *Philosophy: Structuralism for Unity, Visions of Truth for Justice and Success*, Ronnie Lee, Outskirts Press, USA, 2011.
34. *Toward a Philosophy of the Act*, M.M. Bakhtin, translation & notes by Vadim Liapunov, University of Texas Press, USA, 1993.
35. *The Dialogic Imagination : Four Essays*, edited by Michael Holquist, translated by Caryl Emerson & Michael Holquist, University of Texas Press, USA, 1982.


*******

**COURSE VI - PRINCIPLES II: धर्म एवं कर्म विमर्श**

(अनिवार्य)
पूर्णांक : 100 (80+20)
अंक—16

**इकाई—1**

1. धर्म— परिभाषाओं का सर्वेक्षण (श्रुति, स्मृति, पुराण, धर्मशास्त्र तथा सम्पूर्ण परम्परा में)—
   अ) उत्तरदायित्व तथा सीमा—भाव में सम्बन्ध।
   ब) प्रवृत्ति तथा निवृत्तिमूलक धर्म, अभ्युदय एवं निःश्रेयस (पुरुषार्थ) की सिद्धि हेतु।

अंक—16

**इकाई—2 मूलग्रन्थ** — परम्परा में सभी स्तरों पर धर्म एक संगठनात्मक सिद्धान्त—

1. वैदिक, जैन, बौद्ध एवं सिक्ख परम्परा में धर्म को चुनने की स्वतंत्रता।
   अ) व्यक्तिगत (आश्रम धर्म) और वर्णाश्रम धर्म : आचार, व्यवहार, प्रायश्चित एवं सम्बन्धित विधिविधान।
   ब) समाज और समुदाय : आचार, व्यवहार।
   स) राज्य तथा राजा का दायित्व : राजधर्म।
   द) ब्रह्माण्ड और ऋत की अवधारणा।

**इकाई–3** अंक–16

1. विश्वास और उपासना पर धर्म की प्रधानता–
   अ) चार्वाक वैष्णव (वैष्णव जन तो...), शैव, सिक्ख (देहु शिवा वर मोहे इहै...), बौद्ध (आष्टांगिक मार्ग) की परिभाषाएँ।
